# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)
## मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने कारखाना संशोधन विधेयक को दी मंजूरी, फैक्ट्रियों में अपनी सहमति से अब महिलाएं शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक कर सकेंगी काम।
2. राज्य में गुटखा और पान मसाला की बिक्री, भंडारण और सेवन पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा–युवाओं के नशे की लत से बचाने के लिए उठाया गया कठोर कदम।
3. राज्य सरकार ने 15 आईएएस अधिकारियों का किया तबादला, निलंबन मुक्त हुई पूजा सिंघल को आइटी सचिव की जिम्मेवारी।
4. मौसम विभाग ने रांची, सरायकेला और सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में अगले चार दिन बारिश का जारी किया येलो अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।

और

5. 82वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरुष हॉकी में ईस्ट–कोस्ट रेलवे ने रेल व्हील फैक्टरी को एक के मुकाबले पांच गोल से हराया।

********************

राज्य मंत्रिपरिषद ने कारखाना संशोधन विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत अब राज्य की फैक्ट्रियों में अपनी सहमति से महिला कर्मचारी शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक काम कर सकेंगी। इस विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद राज्य में उद्योगों की स्थापना और संचालन सरल हो जायेगा। कैबिनेट के अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में छठे केन्द्रीय वेतनमान के अंतर्गत आने वाले राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों को एक जुलाई 2024 के प्रभाव से 239 की जगह 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

********************

राज्य में आज से गुटखा और पान मसाला की बिक्री, भंडारण और सेवन पर अगले एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि गुटखा माफिया और अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए सरकार ने यह कठोर कदम उठाया है।

********************

राज्य सरकार ने 15 आइएएस अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। निलबंन मुक्त हुई पूजा सिंघल को सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग का सचिव बनाया गया है। श्रीमती सिंघल के पास झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।

********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

********************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। श्री राजीव कुमार का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यकाल कल समाप्त होने के बाद ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की गई है। वे 1988 बैच के केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव के पद पर भी काम किया था। इसके अतिरिक्त 1989 बैच के हरियाणा के कैडर के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को नया निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कल **एक भारत श्रेष्ठ भारत** कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राजभवन में भेंट की। ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने शिक्षाविदों से बातचीत के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**********************

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को 26 फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मॉदड ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

**********************

मौसम विभाग ने रांची, सरायकेला और सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में अगले चार दिन गरज के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि 20 और 21 फरवरी को राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी भागों में और 22 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश होने की संभावना है।

**********************

अगले महीने हैदराबाद में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग के चार खिलाड़ी अपना दम दिखायेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

दक्षिण पूर्व रेलवे के तत्वावधान में रांची के हटिया में आयोजित 82वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरुष हॉकी के दूसरे दिन ईस्ट–कोस्ट रेलवे ने रेल व्हील फैक्टरी को एक के मुकाबले पांच गोल से पराजित कर दिया। आज दिन के पहले मैच में सेंट्रल रेलवे और नार्थ–वेस्ट रेलवे की बीच भिड़ंत होगी जबकि दूसरे मैच में साउथ–ईस्ट रेलवे और इंटीग्रल कोच फैक्टरी और तीसरे मैच में रेल कोच फैक्टरी और नार्थ–सेंट्रेल रेलवे की टीम आमने–सामने होंगी।

**********************

**और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नगर सेवा संवर्ग के दो सौ नवासी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये जाने और राज्य में गुटखा और पान मसाना पर प्रतिबंध की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– सीएम ने दो सौ नवासी को दिये नियुक्ति पत्र, बोले झारखंड में बढ़ रहा नियुक्तियों का कारवां।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– अब फैक्ट्रियों में महिलाएं शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक कर सकेंगी काम।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– उद्योगों को ट्रेड लाइसेंस में तीन साल छूट।

**दैनिक जागरण** लिखता है– नये उद्योग को तीन साल तक लाइसेंस राज से मुक्ति, 12 प्रस्तावों पर सहमति।

*******समाप्त*******